सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 296 | इंदौर, बुधवार 08 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## समझाइश के बाद भी किया बेटी का बाल विवाह

### महिला बाल विकास ने दोनों पक्षों पर दर्ज कराया मामला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** दमोह जिले की पथरिया तहसील के ग्राम बांसाकला में समझाइश के बाद भी एक नाबालिग लड़की का विवाह करने पर महिला बाल विकास विभाग के द्वारा दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कराया है। परिजनों के द्वारा बेटी का विवाह किया जा रहा था। सूचना मिलने पर महिला बाल विकास और पुलिस ने जाकर विवाह करने से रोका था, लेकिन परिजन नहीं माने और चोरी छिपे मंदिर से विवाह करा दिया।

जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को नाबालिग के बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास पथरिया एवं पुलिस थाना पथरिया की टीम मौके पर पहुंची थी। टीम द्वारा लड़की पक्ष को समझाइश दी गई थी, जिस पर लड़की के घर वाले उस दिन बाल विवाह न करने के मान गये थे और बालिग होने के बाद ही विवाह करने की बात कही थी, लेकिन बाद में महिला एवं बाल विकास विभाग पथरिया को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त विवाह संपन्न हो गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग पथरिया, कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी दमोह एवं पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ की संयुक्त टीम द्वारा लड़के पक्ष के घर पहुंचने पर छानबीन की गई। जिसमें पता चला कि पास के मंदिर से गुपचुप तरीके से उक्त बाल विवाह संपन्न करा लिया गया है। जिस पर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पथरिया राजकुमार लडिया द्वारा मंगलवार को मुकेश पटेल, शोभा पटेल निवासी बांसाकला पथरिया एवं आशाराम पटेल, हीराबाई पटैल, कला पटैल निवासी चंपत पिपरिया जिला दमोह के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत थाना पथरिया में एफआईआर दर्ज कराई है।

## बोलेरो और ट्रक में टक्कर के दौरान दो लोगों की मौत, नौ लोग घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में बारातियों से भरी बोलेरो गाड़ी और ट्रक में सीधी भिड़ंत हो गई। इस घटना में बोलेरो गाड़ी में सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई तथा नौ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल पांच व्यक्तियों को उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। आरोपी चालक घटनास्थल से वाहन छोड़कर फरार हो गया। नारायणगंज थाना प्रभारी शिवराम जमरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बीजेगांव से एक बोलेरो बारात लेकर समीपस्थ गांव गई थी। रात को लगभग एक बजे बोलेरो में सवार होकर 11 बाराती वापस लौट रहे थे। बोलेरो गाड़ी को ग्राम कुंडा मैली के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में बोलेरो सवार 11 बारातियों को चोट आई थी, जिन्हें उपचार के लिए नारायण अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद बाबूराम पिता हेमचंद भारतीय निवासी मजगांव तथा रोशन पिता गेंदलाल बरकड़े निवासी बीजेगांव को मृत घोषित कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल पारस पिता ओमप्रकाश मरावी उम्र 19 वर्ष निवासी बीजेगांव, धर्मेंद्र पिता विष्णु मरावी 25 वर्ष निवासी बीजेगांव, लोटन पिता चेतराम मरकाम 30 वर्ष निवासी बीजेगांव, शिवप्रसाद पिता भीम सिंह मरावी 32 वर्ष निवासी टिकरिया तथा सुरेंद्र जगदीश उद्दे 18 वर्ष पिता निवासी सलैया को जबलपुर रेफर किया गया है। चार घायलों का उपचार नारायणगंज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

# बैतूल में मतदान कर्मियों को ला रही बस में लगी आग

## EVM-VVPAT मशीनों को हुआ नुकसान, लोगों ने कूदकर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल। बैतूल में ईवीएम और मतदानकर्मियों को लेकर लौट रही बस में आग लग गई। इसमें 4 ईवीएम जल गई हैं। हादसा साईखेड़ा थाना क्षेत्र के सोनोरा गोला के पास मंगलवार रात 11 बजे हुआ। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। कर्मचारी खिड़कियों के कांच तोड़कर कूद गए।**

बस साईखेड़ा क्षेत्र में मतदान के बाद कर्मचारियों और ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) लेकर बैतूल आ रही थी। इसमें 6 मतदान केंद्रों के कर्मचारी सवार थे। पीठासीन अधिकारी मुन्नालाल ने बताया कि पोलिंग टीम ने बस की खिड़की से कूदकर जान बचाई। कुछ टीम की मशीनें जल गईं। उनके साथ रखा सामान और बैग जल गए। छह मतदान दलों के पास बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवी पैट थीं। मेरी वीवी पैट, मत पत्र, सील वगैरह जल गईं। बस ड्राइवर प्रकाश पवार ने भी कूदकर जान बचाई।

### कर्मचारियों को दूसरी बस से बैतूल लाया गया

सूचना मिलते ही कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी और एसपी भी मौके पर पहुंचे। बैतूल, मुलताई और आठनेर से फायर ब्रिगेड को मौके पर भिजवाया गया। टीम ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। वहीं, कर्मचारियों और ईवीएम को लाने के लिए दूसरी बस भेजी गई। इसके बाद उन्हें बैतूल लाया गया।

### बस के गियर बॉक्स से भड़की आग

बताया जा रहा है की बस के गियर बॉक्स में आग लगी, जो तेजी से फैली। आग देख ड्राइवर प्रकाश ने मतदानकर्मियों को तत्काल नीचे उतरने का कहा और बस धीमी कर नीचे



कूद गया। बस में मुलताई विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 275 रजापुर, 276 डूंडर, 277 गेहूंबारसा 1,278 गेहूंबारसा 2, 279 कुंदरैयत और 280 चिखली माल मतदान केंद्र के मतदान कर्मी सवार थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया, घटना की रिपोर्ट बनाकर चुनाव आयोग को भेज दी गई है। चुनाव आयोग तय करेगा कि इन मतदान केंद्रों पर रिपोलिंग कराना है या नहीं।

### कलेक्टर बोले- चार बूथ की मशीनें जली हैं

कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि मुलताई विधानसभा क्षेत्र के छह मतदान केंद्रों की कुछ सामग्री जली है। मतदान दल सुरक्षित हैं। लोग कांच तोड़कर बस से निकले। एक कर्मचारी को चोट आई है। दो मतदान केंद्र की मशीनें सुरक्षित हैं। चार केंद्रों में से कुछ की मशीनें और वीवी पैट जली हैं। चुनाव आयोग और सीईओ मध्यप्रदेश को रिपोर्ट भेज रहे हैं। ऑब्जर्वर को भी रिपोर्ट दी है। आयोग से निर्देश आने के बाद चार मतदान केंद्रों को लेकर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

कलेक्टर का कहना है कि बस लंबा सफर तय कर चुकी थी। अचानक स्टीयरिंग और इंजन के पास आग लगी और तेजी से फैल गई। यह सामान्य घटना है। इसके पीछे किसी की कोई दुर्भावना नहीं थी, इसलिए किसी की जिम्मेदारी भी तय नहीं कर सकते। बस नई थी, इसलिए ड्राइवर और बस मालिक को कोई दोष नहीं दे सकते।

### बैतूल-हरदा लोकसभा में 8 विधानसभा सीटें हैं

बैतूल-हरदा लोकसभा में 8 विधानसभा हैं, जिनमें बैतूल जिले की 5 बैतूल, मुलताई, घोड़ाडोंगरी, भैंसदेही और आमला शामिल है। वहीं, हरदा जिले से 2 हरदा, टिमरनी और खंडवा जिले से हरसूद सीट भी इसमें आती हैं। बैतूल जिले में 1581 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जबकि हरदा जिले के हरदा और टिमरनी के अलावा खंडवा जिले के हरसूद में 774 केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

### बैतूल-हरदा लोकसभा सीट पर 75.72% मतदान

बैतूल-हरदा लोकसभा सीट के लिए मंगलवार शाम 6 बजे मतदान थम गया। यहां पर 75.72% फीसदी लोगों ने वोट डाला। इस बार यहां से 8 प्रत्याशी मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा के डीडी उइके और कांग्रेस के रामू टेकाम के बीच है। विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,32,293 मतदाता हैं। इसमें 1,18,893 पुरुष और 1,13,393 महिला मतदाता और 7 अन्य मतदाता शामिल हैं।

### न उम्मीदवार पैसा खर्च कर रहा है और न ही संगठन ने मुट्ठी खोली

# भाजपा उम्मीदवार लालवानी से विजयवर्गीय ने पूछा आखिर परेशानी क्या है?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दिल्ली के फरमान के बाद ज्यादा से ज्यादा मतदान की रणनीति तय करने बैठे इंदौर के बीजेपी नेता मूल विषय से ही भटक गए। बात आने वाले दिनों में होने वाले चुनाव खर्च की निकल पड़ी। लब्बोलुआब यह था कि न उम्मीदवार पैसा खर्च कर रहा है और न ही संगठन ने मुट्ठी खोली है।**



कार्यकर्ता काम करने को तैयार नहीं हैं, ऐसे में मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़ेगा। चुनाव खर्च के मुद्दे पर सब की बात सुनने के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बीजेपी उम्मीदवार शंकर लालवानी से पूछा, आप क्या कर रहे हो, आखिर परेशानी कहां है? उनके बार-बार पूछे जाने के बावजूद लालवानी निरुत्तर रहे। पार्टी के नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने इतना जरूर कहा कि हम पांच बार बैठ चुके हैं, लेकिन कुछ हो नहीं रहा। पार्टी का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व चाहता है कि विधायक अपने-अपने क्षेत्र का लोकसभा चुनाव का खर्चा खुद उठाएं, लेकिन विधायक इसके लिए सहमत नहीं हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने इंदौर में चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता और मतदाताओं को जागरुक करने की दिशा में पार्टी स्तर से कोई विशेष प्रयास न होने पर नाराजगी जताते हुए सबको एक साथ बैठकर रणनीति बनाने के लिए कहा था। इसी के चलते सुमित्रा महाजन कैलाश विजयवर्गीय, कृष्ण मुरारी मोघे, बाबू सिंह रघुवंशी, इंदौर संभाग के प्रभारी राघवेंद्र गौतम, चुनाव प्रभारी रवि रावलिया, जयपाल सिंह चावड़ा तथा महेंद्र हार्डिया को छोड़ बाकी सात विधायक और चुनाव से जुड़े कुछ वरिष्ठ नेताओं को रविवार रात ताबड़तोड़ बीजेपी कार्यालय तलब किया गया। बैठक की शुरुआत में ही बात उठी की माहौल बन नहीं पा रहा है, कार्यकर्ता एक्टिव नहीं हैं। मतदाता पर्ची छाप कर आ चुकी है। लेकिन कार्यालय से ले नहीं जा रहे हैं, कार्यालय में बड़ी संख्या में प्रचार सामग्री उपलब्ध है, इसका भी उपयोग नहीं हो रहा है।

लंबी चर्चा के बाद यह बात सामने आएगी आर्थिक संसाधन की मांग पूरी नहीं होने के कारण कार्यकर्ता चुनाव में रुचि नहीं ले रहे हैं। बैठक में मौजूद विधायकों ने कहा कि जिस तरह से विधानसभा चुनाव के समय हमने हाथ खोलकर खर्च किया था, वैसा नहीं तो कम से कम आधा तो खर्च हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि हम तो खर्च करने की स्थिति में नहीं हैं। क्योंकि विधानसभा चुनाव के समय का कर्ज ही अभी तक नहीं उतार पाए। नगर अध्यक्ष गौरव राणदिवे ने अपनी बात रखी और कहा कि हम इस विषय पर बातचीत के लिए 5-6 बार बैठ चुके हैं। लेकिन कुछ हो ही नहीं रहा।

सभी की बात सुनने के बाद मंत्री विजयवर्गीय ने लालवानी से पूछा आखिर परेशानी क्या है, ज्यादा समय बचा नहीं है अब तो बटुआ खोलना पड़ेगा शंकर जी। उन्होंने दो-तीन बार लालवानी की ओर इशारा करते हुए कहा कि ऐसे काम नहीं चलेगा। इस सब पर लालवानी निरुत्तर रहे। उनकी चुप्पी ने बैठक में मौजूद दूसरे नेताओं को भी चौंकाया। कांग्रेस के उम्मीदवार के मैदान से बाहर होने के पहले से ही इंदौर के नतीजा को लेकर परिदृश्य स्पष्ट था। उनके नाम वापस लेने के बाद तो बीजेपी उम्मीदवार की बड़ी जीत का आकलन हो रहा है। इसी संभावित जीत के चलते हैं, लालवानी जेब में हाथ नहीं डाल रहे हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि पिछले लोकसभा चुनाव में उन्होंने जितना खर्च किया था उसका 25 प्रतिशत भी वे इस चुनाव में करने को तैयार नहीं हैं।

# दूसरी बार पारा हुआ 40 डिग्री पार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मंगलवार को भी भीषण गर्मी रही। इस दौरान तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। चार दिनों बाद यह दूसरा मौका है जब तापमान 40 डिग्री पार गया है। इसके पूर्व अप्रैल में भी एक बार 40 डिग्री के पार रहा है। मंगलवार दोपहर 20 किमी तेज रफ्तार से गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को हलाकान कर दिया। दरअसल इस बार मई के पहले हफ्ते में गर्मी के तेवर काफी तीखे हैं। शुरुआती 6 दिनों में तीन दिन ऐसे रहे जब दिन का तापमान 39 डिग्री से ज्यादा रहा। रात के तापमान ने भी एक बार चौंकाया है। 4 मई को रात का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस था। सोमवार को भी दिन में 26 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार से गर्म हवा चली। इससे लोग परेशान हो गए। गर्मी के तेवर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

# प्रिंट मीडिया में एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चौथे चरण में 13 मई को इंदौर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान होगा। मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है। नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले जिला/राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। पूर्व प्रमाणन के पश्चात ही समाचार पत्रों में ऐसे प्रचार विज्ञापन प्रकाशित किये जा सकेंगे।




### मतदान वाले दिन सुबह 7 से 11 बजे तक गर्मी कम महसूस होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। राहत की बात यह है कि इस दिन अधिकतम तापमान 40 डिग्री के भीतर ही रहने वाला है। यानी सामान्य से करीब 2 डिग्री तक कम रहेगा। सुबह 7 से 11 के बीच तो गर्मी कम रहेगी। दोपहर 12 से 3 बजे तक जरूर धूप के तेवर तीखे रहेंगे। फिर शाम 4 बजे से तापमान कम रहेगा और हवा भी मध्यम गति से चलेगी। इधर, मंगलवार को अधिकतम तापमान महीने में दूसरी बार 40.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। दोपहर 12 से 2 बजे के बीच तो दक्षिण-पश्चिम हवा ऐसी महसूस हो रही थी जैसे लू चल रही हो। शाम 4 बजे के करीब हलके बादल छाए तो कुछ देर तक धूप बाधित रही। इसके पहले 4 मई को दिन का तापमान 40.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। न्यूनतम तापमान की बात की जाए तो यह सोमवार रात को 24 डिग्री रहा, जो सामान्य ही आंका गया।

# सावधानी रखें लू से बचें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ग्रीष्म ऋतु में लू लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती है। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना इसके प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं। लू लगने पर शरीर का तापमान 104 डिग्री फेरेनहाईट तक पहुँच जाता है। यह स्थिति धीरे-धीरे हो सकती है या एकाएक भी आ सकती है। तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने से शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है, इससे बचाव के लिए जरुरी है कि बहुत अधिक समय तक धूप के सीधे संपर्क में न रहें। गर्मी व लू से बचाव के लिए खूब पानी पिएं व खाली पेट न रहें, शराब व केफिन के सेवन से बचें, ठण्डे पानी से नहाएं, सर ढके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहने, बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़े, दिन में दोपहर 12 बजे से शाम ।04 बजे के मध्य बाहर जाने से बचें, धूप में नंगे पाँव न चलें, बहुत अधिक भारी कार्य न करें। बाहर निकलना आवश्यक हो तो छतरी व धूप के चश्मे का उपयोग करें, धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पिएं, बुखार व लू लगने पर निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। O.R.S. का घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस इत्यादि का सेवन लाभदायक होता है। ये सभी उपाय कर हम लू से बच सकते हैं।

# इंदौर में मतदान के दिन सभी मतदान केन्द्र धूम्रपान से रहेंगे मुक्त

**मतदान केन्द्रों में धूम्रपान करते हुए पाये जाने पर होगी कार्रवाई**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में 13 मई 2024 को मतदाता अपना मत देने मतदान केन्द्र जायेंगे। उक्त दिवस सभी मतदान केन्द्रों पर धूम्रपान प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने निर्देश जारी करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों से कहा है कि वे धूम्रपान प्रतिबंधित क्षेत्र और तंबाखू मुक्त परिसर बनाने संबंधी सूचना बोर्ड सभी मतदान केन्द्रों पर लगवाये। उक्त प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति धूम्रपान करते हुए पाया जाता है तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। जिले के सभी मतदान केन्द्रों को गैर-धूम्रपान क्षेत्र घोषित करते हुए इस संबंध में सूचना बोर्ड भी लगाया जायेगा। साथ ही तंबाखू मुक्त परिसर के बोर्ड भी मतदान केन्द्रों पर लगेंगे।

# अब की बार 29 पार वाला नारा पंचर हो गया : जीतू पटवारी

## निगम का भ्रष्टाचार 150 करोड़ नहीं 2 हजार करोड़ का

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर निशाना साधा है। इंदौर में मीडिया से चर्चा में कहा कि इंदौर में एक नेता ऐसे हैं जो कहते हैं कि मैं बहुत बड़ा नेता हूं। मैसेज देते हैं कि मैंने पूरे देश में काम किया है। शाह का करीबी हूं, मोदीजी का करीबी हूं, लेकिन उनके एक काम से इंदौर की जनता लज्जित महसूस कर रही है। यह राजनीतिक माफिया का स्वरूप है। यहां राजनीतिक माफियागिरी होने लगी है। यह उसका प्रमाण है। इस दौरान पटवारी ने भाजपा जॉइन करने के एक सवाल पर कहा कि सही समय पर सही जवाब दिया जाएगा।**



पटवारी ने भाजपा के 29 पार वाले नारे पर कहा कि अब की बार 29 पर वाला नारा पंचर हो गया है। बीजेपी अब यह भी नहीं बोल पा रही है कि बीजेपी अबकी पार 29 पर। इंदौर में कांग्रेस पार्टी मैदान में नहीं है क्योंकि उसके प्रत्याशी का अपहरण किया गया। इसलिए अपील करता हूं कि इस राजनीतिक क्राइम पर आपने सबक नहीं सिखाया तो इस शहर के नेताओं का जनता से डरना बंद हो जाएगा। ऐसे लोगों को नोटा (None of the Above) का बटन दबाकर जवाब दीजिए। जीतू पटवारी ने नगर निगम में फर्जी बिल का घोटाला का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह 150 करोड़ का नहीं, 2 हजार करोड़ का घोटाला है। यह पिछले 10 से 15 साल से चल रहा है। घोटाले के लिए नगर निगम के पूर्व अफसर भी दोषी हैं। काम हुआ नहीं बिल बन गया, यही चलता रहेगा। इसके आगे दोषी अधिकारियों पर लोकायुक्त की कार्रवाई होगी और यही नेता विधानसभा में आगे की कार्रवाई के लिए अनुमति रोक देंगे। 166 ऐसे प्रकरण हैं, जिसमें क्राइम हुआ लेकिन सरकार ने उसको कहा कि क्राइम नहीं है। इस केस का भी ऐसा ही होगा। 10 प्रतिशत पैसा अधिकारी और 90 प्रतिशत पैसा नेता के जेब में जाता है। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ताई इस शहर की सबसे वरिष्ठ नागरिक और नेता हैं। कई बार सांसद रहीं। सांसद रहते हुए हमें डांटती थीं। हमें कई सीख देती थी इसलिए मैं समझता हूं कि वे दलगत राजनीति से ऊपर हैं। बता दें कि अक्षय कांति बम की भाजपा में आने की घटना पर ताई ने हैरानी जताई थी।

## नामवापसी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची कांग्रेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम की नामवापसी के खिलाफ पार्टी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। सब्स्टीट्यूट कैंडिडेट मोती सिंह पटेल की ओर से SC में विशेष अनुमति याचिका दायर कर दी गई है। सुनवाई जल्द होने की बात कही जा रही है। कांग्रेस नेता मोती सिंह पटेल के वकील विभोर खंडेलवाल ने बताया इंदौर में चौथे चरण में लोकसभा चुनाव है। यहां 13 मई को वोटिंग है, इससे पहले मामले की सुनवाई कर ली जाए। हमने पहले इंदौर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। वहां से हमें चुनाव याचिका दायर करने की सलाह दी गई थी। क्योंकि चुनाव याचिका इलेक्शन संपन्न होने के बाद ही दायर हो सकती है, हमारे लिए यह अभी संभव नहीं है। खंडेलवाल ने कहा कि हम तो मौजूदा चुनाव में ही अपनी हिस्सेदारी की मांग कर रहे हैं क्योंकि कांग्रेस ने B फॉर्म में मुख्य प्रत्याशी अक्षय के साथ सब्स्टीट्यूट के रूप में मोतीसिंह पटेल का नाम था। बावजूद, उनका फॉर्म B के साथ निर्दलीय की तरह 10 प्रस्तावक नहीं होने के आधार पर रद्द किया गया है। हमारा कहना है कि जब मुख्य प्रत्याशी ही मैदान छोड़ गया तो हमारा चुनाव लड़ने का अधिकार ही उसके बाद शुरू होता है, जो हमें दिया जाए। इससे, पहले इंदौर हाईकोर्ट की डबल बैंच ने कांग्रेस के वैकल्पिक प्रत्याशी मोती सिंह पटेल (सब्स्टीट्यूट कैंडिडेट) की अपील तीन दिन पहले 4 मई को खारिज कर दी थी। इसके पूर्व हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने भी 30 अप्रैल को पटेल की याचिका खारिज की थी। इसी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है।

## 10 वर्षीय आदित्य ने मोदी पर बनाया गाना



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 10 वर्षीय आदित्य मिश्रा ने पीएम नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व को लेकर गाना बनाया है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आदित्य के वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। वीडियो में आदित्य ने रेप सॉन्ग गाया है।**

विजयवर्गीय ने सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट में लिखा है कि भावनाओं का प्रवाह, बच्चों में अपार है उत्साह। आदित्य ने वीडियो में गागर में सागर भरने जैसा काम किया है। यह दर्शाता है कि मोदीजी के प्रति बच्चों में भी अथाह प्रेम, स्नेह और विश्वास है। वे अपने उज्जवल भविष्य को लेकर आश्वस्त है। 2024.2029 तो छोड़िए बच्चा बच्चा 2047 के मोदीजी के विकसित भारत के संकल्प के साथ कदम ताल कर रहा है। गाने के बोल हैभारत की है शान मोदी, हर दिल के है पहचान मोदी। वीडियो 1 मिनट 10 सेकंड है, जिसमें आदित्य ने पीएम मोदी के व्यक्तित्व और उनके कामों को लेकर रेप सॉन्ग तैयार किया है। सॉन्ग के आखिर में बीजेपी के लिए वोट की अपील की गई है।

## इंदौर जिले में अपार उत्साह और उमंग के साथ चलाया गया चले बूथ की ओर अभियान

### जिले के हर गाँव और बूथ स्तर पर निकाली गई रैलियां

### घर-घर संपर्क कर दिया गया मतदान के लिए बुलावा

### वरिष्ठ, बुजुर्ग मतदाता/दिव्यांग मतदाताओं का किया गया सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिये आज प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 'चले बूथ की ओर' अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मतदाताओं ने अपार उत्साह और उमंग के साथ भागीदारी करते हुए गाँव और बूथ स्तर पर रैलियां निकाली। घर-घर संपर्क कर 13 मई को मतदान के लिए बुलावा दिया गया। वरिष्ठ, बुजुर्ग/दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान भी किया गया। यह अभियान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह के मार्गदर्शन में इंदौर जिले के सभी ग्राम और वार्ड में एक साथ आयोजित किया गया। अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान करने हेतु सामूहिक शपथ भी दिलाई गई।**



इंदौर जिले में अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित कराने के लिए बूथ मार्च उपरांत बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा अलग-अलग दल बनाकर प्रत्येक ग्राम/बस्ती में घर-घर जा कर पीले चावल देकर 13 मई को मतदान हेतु मतदाताओं को आमंत्रित किया गया। मतदाताओं से संकल्प पत्र भी भरवाये गये। स्वीप अभियान के प्रभारी तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने बताया कि क्षेत्र के वरिष्ठ, बुजुर्ग मतदाता/दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान भी गृह संपर्क के दौरान किया गया। मेगा रांगोली/मानव श्रंखला/साईकल रैली/सेल्फी पाईंट आदि स्वीप गतिविधियां भी की गई। उक्त आयोजन में केम्पस एम्बेसेडर्स/ईएलसी/चुनाव पाठशाला/रहवासी संघ/एनजीओ/वोटर अवेयरनेस फोरम को भी उक्त अभियान में सक्रिय रूप से सम्मिलित किया गया। चले बूथ की ओर अभियान अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्र पर स्वीप गतिविधियों का सघन रूप से आयोजित करने के निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा निर्देश दिये गये थे। अभियान के तहत जनपद पंचायत सांवेर के ग्राम भांग्या में महिलाओं ने एकत्रित होकर ढोल के साथ जागरूकता रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का संदेश दिया। इसमें बड़ी संख्या में युवा और अन्य नागरिक भी शामिल हुए। इसी तरह ग्राम खजूरिया में भी रैली निकाली गई। ग्राम काचरोट में महिलाओं ने रैली निकाली, उन्होंने एक जगह एकत्रित होकर मतदान करने का संकल्प भी लिया। 'चले बूथ की ओर' अभियान के तहत जिले के सभी घरों में संपर्क किया गया। मतदाता पर्ची दी गई। साथ ही मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाया गया। ग्राम टोडी में महिलाओं ने एक ही कलर की साड़ी पहनकर एकता का संदेश देने के साथ ही मतदान का संदेश भी दिया। उन्होंने रंगबिरंगी रांगोली बनाकर मतदान के महत्व को समझाया। इसी तरह के आयोजन जिले के अन्य गाँवों में भी हुये।

# मध्यप्रदेश में तीसरे चरण की नौ सीटों पर 66.05 प्रतिशत मतदान, राजगढ़ टॉप पर तो भिंड में सबसे कम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को भोपाल, विदिशा, राजगढ़, सागर, बैतूल, गुना, ग्वालियर, मुरैना और भिंड में रात 10 बजे जारी अपडेट के अनुसार 66.05 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार यह आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। इन सीटों पर 2019 में 66.63 प्रतिशत मतदान हुआ था। उससे यह 0.58 फीसदी कम है। मंगलवार को सबसे ज्यादा मतदान राजगढ़ सीट पर 75.39 प्रतिशत हुआ है। जबकि सबसे कम भिंड सीट पर 54.87 प्रतिशत मतदान हुआ है। प्रदेश में तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत पहले दो चरणों के मुकाबले बढ़ने का कारण कैंडिडेंट, कार्यकर्ता और कार्यक्रम तीन 'क' फैक्टर बताए जा रहे हैं। इस बार इन नौ सीटों में से चार विदिशा, गुना, ग्वालियर और भिंड में 2019 के मुकाबले 0.45 से 8.3 फीसदी तक मतदान बढ़ा है। हालांकि, भोपाल में 12.1 फीसदी की गिरावट आई है, जो चौंकाने वाली है।



### क्या है तीन 'क' फैक्टर

1- कैंडिडेंट- तीसरे चरण की नौ सीटों में से दो पर पूर्व मुख्यमंत्री और एक पर केंद्रीय मंत्री चुनाव लड़ रहे थे। राजगढ़ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह करीब तीस साल बाद चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी वजह से मुकाबला कांटे की टक्कर वाला बन गया। राजगढ़ सीट पर प्रदेश में सबसे ज्यादा मतदान हुआ है। वहीं, दूसरी विदिशा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनाव लड़ रहे। उन्होंने प्रदेश में लोकप्रिय राजनीतिक चेहरे के रूप में सामने आने के लिए बड़े मार्जिन से जीत के लिए चुनाव में जोर लगाया। वहीं, तीसरे सीट गुना में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपनी 2019 में हार के बाद अपनी प्रतिष्ठा वापस पाने के लिए तैयारी की। सिंधिया और उनका परिवार लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहा।

2-कार्यक्रम- पहले और दूसरे चरण में शादी विवाह के कार्यक्रम को कम मतदान का कारण बताया गया। 26 अप्रैल को शादी विवाह का शुभ मुहूर्त का अंतिम दिन था। इसके साथ ही चुनाव आयोग के ऊपर भी कम मतदान को लेकर सवाल उठ रहे थे। उन्होंने चले बूथ अभियान जैसे कार्यक्रम के साथ ही पूरे सप्ताह मतदाताओं से संपर्क करने और उनको मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूक किया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सामाजिक, व्यापारिक संगठनों को जोड़ा। जिसमें लकी ड्रा के माध्यम से डायमंड रिंग, फ्रीज, कूलर, रेस्टारेंट में खाने पर डिस्काउंट जैसे प्रयास किए गए।

3- कार्यकर्ता- राजनीतिक दलों की भी कम मतदान से सांसें रूक रही थी। तीसरे चरण में प्रदेश के दोनों प्रमुख दलों ने अपने कार्यकर्ताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सक्रिय किया। भाजपा ने बूथ लेवल के पदाधिकारियों के साथ ही जिला पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधयों को जिम्मेदारी दी। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के साथ ही उनको घरों से निकाला।

### सुबह के चार घंटे में 30.21% मतदान

प्रदेश की 9 सीटों पर सुबह 7 बजे से 11 बजे तक शुरुआत के चार घंटे में 30.21 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। इसके बाद दोपहर 1 बजे 44.67 प्रतिशत, 3 बजे 54.09 प्रतिशत, 5 बजे 62.28 प्रतिशत मतदान हुआ। रात 10 बजे तक चुनाव आयोग द्वारा अपडेट के अनुसार 66.05% मतदान दर्ज किया गया। गर्मी के कारण दोपहर में कम मतदान हुआ, हालांकि सुबह व शाम के वक्त तेजी से वोटिंग हुई।

### विदिशा में बढ़ा मतदान, भोपाल में सबसे ज्यादा गिरावट

प्रदेश की तीसरे चरण की नौ सीटों पर मतदान में विदिशा सीट पर पिछली बार की तुलना में 8.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस बार 74.05% मतदान हुआ। जबकि 2019 में 65.70 फीसदी मतदान हुआ था। हालांकि, 9 सीटों में सबसे ज्यादा मतदान राजगढ़ में 75.39 प्रतिशत हुआ है, लेकिन वह भी 2019 के 79.46 से करीब चार प्रतिशत कम है। वहीं, तीसरे नंबर पर बैतूल में 72.65% मतदान हुआ, यह पिछली बार के 78.15 की तुलना में करीब 5.5 प्रतिशत कम है। गुना में 71.95 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो पिछली बार के 70.32 प्रतिशत की तुलना के करीब 1.63 फीसदी ज्यादा है। सागर में 65.19% मतदान हुआ है, यहां पिछली बार 65.51% मतदान हुआ था, इसमें मामूली कमी आई है। भोपाल में इस बार 62.29 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि 2019 में यहां 74.39 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस तरह यहां 12 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं, ग्वालियर में भी 61.68% मतदान हुआ, जो कि पिछली बार के 59.78 प्रतिशत से 1.9 फीसदी ज्यादा है। मुरैना में 58.22 प्रतिशत मतदान हुआ, जो कि पिछली बार के 61.89 प्रतिशत से करीब 3.67 प्रतिशत कम है। वहीं, भिंड में पिछली बार की तरह ही सबसे कम मतदान 54.87 प्रतिशत हुआ है, जबकि पिछली बार यहां पर 54.42 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार .45 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

## क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, छह आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़**। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने खुलासा करते हुए बताया है कि पुलिस ने तीन अलग-अलग कार्रवाई को अंजाम दिया है। इन तीनों कार्रवाई में पुलिस ने 6 आरोपियों को आईपीएल का सट्टा खेलते और खिलाते गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 97 हजार 130 रुपए और एक ब्रेजा कार, हुंडई कार सहित मोटरसाइकिल जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें राजा खान, शेख शराफत, रियाज खान, दीपक, कौशलेंद्र, रवि का नाम शामिल है। उन्होंने कहा ये सभी आरोपी अलग नेटवर्क से आईपीएल के सट्टे का कारोबार करते थे। पुलिस कप्तान रोहित काशवानी ने बताया कि अब आगे भी पुलिस इनसे जुड़े सटोरियों का पता करेगी और इनसे जो कड़ियां जुड़ी हैं, उनका भी पर्दाफाश होगा। उन्होंने बताया कि मामले में जांच जारी है, आगे उनके खिलाफ भी वैधानिक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल 19 लाख 55 हजार 535 मशरूका जब्त किया है।

बता दें कि शहर के बुंदेलखंड फर्नीचर के पास एक व्यक्ति अपनी ब्रेजा कर में बैठकर आईपीएल सट्टा खेल रहा था। सूचना पर कार्रवाई कर कार को चेक किया गया। इसमें एक व्यक्ति मोबाइल पर आईपीएल सट्टा खिला रहा था, जिसने अपना नाम राजा खान निवासी अनन्त पूरा थाना देहात बताया। इसके साथ ही शेख शराफत निवासी पुराना बस स्टैंड को पकड़ा गया, जिसके मोबाइल को चेक करने पर आईपीएल ऑनलाइन सट्टा की एजेंट आईडी पाई गई। पूछने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह आईपीएल की एजेंट आईडी रियाज खान से लेता है, इसके बाद रियाज खान निवासी जेल के सामने वाली गली को पुलिस अभीरक्षा में लेकर मोबाइल चेक किया गया। जिसकी मोबाइल से आईपीएल सट्टा की एजेंट आईडी एवं क्लाइंट आईडी मिली।

# महामंडलेश्वर की पदवी दिलाने के नाम पर 7.50 लाख का खेल

## महंत ने दर्ज कराया केस तो महिला ने खाया जहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। मंगलनाथ स्थित महामाया आश्रम के महंत ने महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस चिमनगंज थाने में दर्ज कराया था। इसके बाद महामंडलेश्वर ने मंगलवार को जहर खा लिया, जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी निवासी सांदीपनि आश्रम के सामने व अश्विन निवासी हरिद्वार (उत्तराखंड) के खिलाफ महंत सुरेश्वरवेदपुरी महाराज ने साढ़े सात लाख रुपयों की धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था, लेकिन अस्पताल से सूचना मिली कि मामले में आरोपी मंदाकिनी पुरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। सूचना मिलने के बाद थाने से पुलिस अधिकारी मंदाकिनी पुरी के बयान लेने अस्पताल रवाना हुए हैं।

अस्पताल के मुताबिक महामंडलेश्वर मंदाकिनीपुरी द्वारा मंगलवार दोपहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष मीडिया के सामने रखने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन उसके पहले ही उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। उनका अस्पताल में उपचार जारी है। बताया जाता है कि महामंडलेश्वर मंदाकिनी ने आश्रम में ही मीडिया से चर्चा कर



रही थी। बात खत्म होते ही उन्होंने बोतल में रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया।

महामाया आश्रम के महंत से महिला महामंडलेश्वर ने पंचायती निरंजनी अखाड़े में महामंडलेश्वर की पदवी दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी की जिसकी रिपोर्ट चिमनगंज थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि महंत सुरेश्वरवेदपुरी महाराज महामाया आश्रम मंगलनाथ ने महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी उर्फ ममता जोशी निवासी सांदीपनि आश्रम के खिलाफ लाखों रुपये की धोखाधड़ी का शिकायती आवेदन चिमनगंज थाने में दिया था। इसकी जांच के बाद मंदाकिनी पुरी व अश्विन के खिलाफ धारा 420 सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

सुरेश्वरवेदपुरी महाराज ने आवेदन में लिखा था कि मंदाकिनी पुरी ने पंचायती निरंजनी अखाड़े में महामंडलेश्वर की पदवी दिलाने के नाम पर 7.50 लाख रुपए लिए, जिसका भुगतान ऑनलाइन व केश किया गया था, लेकिन रुपये लेने के बाद भी मंदाकिनी पुरी ने पदवी नहीं दिलाई तो सुरेश्ववेदपुरी ने हरिद्वार स्थित निरंजनी अखाड़े में संपर्क किया जहां से जानकारी मिली कि अखाड़े द्वारा किसी भी पदवी या उपाधि के लिये रुपये नहीं लिए जाते हैं और न ही आपका नाम प्रस्तावित है। इस पर सुरेश्वरनंदपुरी ने मंदाकिनी पुरी से अपने रुपये वापस मांगे तो उन्होंने रुपये देने से इंकार करते हुए झूठे केस में फंसाने की धमकी दी।

सुरेश्वरवेदपुरी महाराज ने पुलिस को बताया कि उन्होंने महामंडलेश्वर की उपाधि के लिए मंदाकिनी पुरी उर्फ ममता जोशी को जो रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे उसका रिकॉर्ड सुरक्षित है इसके अलावा मंदाकिनी द्वारा रुपयों की मांग किए जाने व झूठे केस में फंसाने की धमकी देने की मोबाइल रिकार्डिंग भी उनके पास उपलब्ध है।

## कांग्रेस नेता केपी कंषाना से मारपीट, कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना पर लगा आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना**। कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना के गांव नायकपुरा में मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कृष्णा गुर्जर वोट डालकर लौट रहे थे, तभी केपी कंषाना और दिनेश ने उनकी गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी लगा दी। इसके बाद उन्हें घेरकर गाड़ी को फोड़ दिया। ये जानकारी सराय छोला थाना प्रभारी भूमिका दुबे ने दी है। बता दें केपी कंषाना मंत्री ऐदल सिंह कंषाना के रिश्तेदार हैं। वहीं, कांग्रेस नेता केपी कंषाना ने भी कृष्णा गुर्जर पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह मतदान कर लौट रहे थे, तभी कृष्णा गुर्जर द्वारा उनकी गाड़ी को घेरा लिया गया। उनका आरोप है कि बिना नंबर की गाड़ियों से सुमावली विधानसभा क्षेत्र में गुंडे घूम रहे हैं। आरोपियों को थाना प्रभारी ने अरेस्ट नहीं किया। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी भूमिका दुबे का कहना है कि सूचना मिली थी कि केपी वोटिंग प्रभावित करने के लिए जा रहे हैं। रास्ते में देखा तो केपी और कृष्णा के बीच विवाद चल रहा था। दोनों को अलग किया गया। वहीं दूसरी ओर गांव के पूर्व सरपंच रणवीर सिंह देवगोड़ा का आरोप है कि पटवारी सूरत सिकरवार ने उन्हें धमकाते हुए कहा है कि वोट डलवाइए, नहीं तो मकान गिरा देंगे।

## संपादकीय

# आ कहां से रहा है पैसा

*लंबे समय से देश भर में काले धन के खिलाफ अभियान चल रहा है। जांच एजेंसियां लगातार सक्रिय हैं। मगर तमाम कवायदों के बावजूद इस समस्या से पार पाना बड़ी चुनौती बनी हुई है। सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने झारखंड की राजधानी रांची में राज्य सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर छापेमारी की, जिसमें पैंतीस करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद हुई। खबर के मुताबिक, यह छापेमारी झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता से जुड़े मामले में हुई है, जिसे ईडी ने पिछले वर्ष धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। धनशोधन का सिरा मंत्री के निजी सचिव और उसके घरेलू सहायक से भी जुड़ा हुआ था, इसलिए ईडी ने उसे जांच और कार्रवाई के दायरे में लिया। सवाल है कि इतनी बड़ी रकम काले धन के रूप में किसी के घर में पड़ी थी, तो इस तरह का भ्रष्टाचार बिना किसी उच्च स्तरीय संरक्षण के चलना कैसे संभव है! सवाल यह भी है कि भ्रष्टाचार और काले धन के खिलाफ अभियान चलाने और इसके खात्मे के लिए हर स्तर पर कार्रवाई करते हुए पिछले आठ-वर्षों में जितने वादे और दावे किए गए, उसके मुकाबले कामयाबी कहां दिखती है! आखिर क्या वजह है कि हर कुछ दिनों बाद किसी नेता या अधिकारी के घर या दफ्तर में छापे मारे जाते हैं, वहां से करोड़ों रुपए नगद बरामद होते हैं? समझना मुश्किल है कि जांच एजेंसियों की सघन कार्रवाइयों के बीच दीवार फोड़ कर कहां से इतनी भारी मात्रा में नगदी निकल आती है? क्या वजह है कि काले धन पर काबू पाने के लिए बनाए गए कायदे-कानून को लेकर सख्ती के दावों के बावजूद भ्रष्ट आचरण में लिप्त नेता या अफसर को कई-कई करोड़ रुपए नगद अपने घरों में छिपा कर रखने में कोई खौफ नहीं होता? कहा जा सकता है कि सरकारी एजेंसियां भ्रष्टाचार और काले धन की समस्या को खत्म करने को लेकर सक्रिय हैं। मगर यह भी सच है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ने और संबंधित महकमों या एजेंसियों की अति-सक्रियता के बावजूद इस समस्या पर काबू पाना आज भी मुश्किल साबित हो रहा है।*




**।।आपो याचामि भेषजम्।।**

**(अथर्ववेद:१.६.४)**

**मैं परमेश्वर से जलरुप औषध की याचना करता हूँ।**

॥-२।७।॥

MORARI BAPU




सत्य-प्रेम-करुणा...

**बंदऊँ गुरु पद पदुम परागा।**
**सुरुचि सुबास सरस अनुरागा।।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

Health is Wealth

# तरबूज से स्वास्थ्य लाभ



पका हुआ लाल गूदेवाला तरबूज स्वाद में मधुर, गुण में शीतल, पित्त एवं गर्मी का शमन करने वाला, पौष्टिकता एवं तृप्ति देने वाला, पेट साफ करने वाला ।

कच्चा तरबूज गुण में ठंडा, दस्त को रोकने वाला, वात व कफकारक, पचने में भारी एवं पित्तनाशक है ।

तरबूज के बीज शीतवीर्य, शरीर में स्निग्धता बढ़ानेवाले, पौष्टिक, मूत्रल, गर्मी का शमन करने वाले, कृमिनाशक, दिमागी शक्ति बढ़ाने वाले, दुर्बलता मिटाने वाले, गुर्दों की कमजोरी दूर करने वाले, गर्मी की खाँसी एवं ज्वर को मिटाने वाले क्षय एवं मूत्ररोगों को दूर करने वाले हैं । बीज के सेवन की मात्रा हररोज 10 से 20 ग्राम है। ज्यादा बीज खाने से तिल्ली की हानि होती है ।

## सावधानी

गर्म तासीरवालों के लिए तरबूज एक उत्तम फल है लेकिन वात व कफ प्रकृतिवालों के लिए हानिकारक है । अतः दमा , सर्दी-खाँसी, श्वास, मधुप्रमेह, कोढ़, रक्तविकार के रोगियों को इसका सेवन नहीं करना चाहिए ।

ग्रीष्म ऋतु में दोपहर के भोजन के 2-3 घंटे बाद तरबूज खाना लाभदायक है । यदि तरबूज खाने के बाद कोई तकलीफ हो तो शहद अथवा गुलकंद का सेवन करें ।

## औषधि-प्रयोग

**मंदाग्निः** तरबूज के लाल गूदे पर काली मिर्च, जीरा एवं नमक का चूर्ण डालकर खाने से भूख खुलती है एवं पाचनशक्ति बढ़ती है ।

**शरीरपुष्टिः** तरबूज के बीज के गर्भ का चूर्ण बना लें। गर्म दूध में मिश्री तथा 1 चम्मच यह चूर्ण डालकर उबाल लें । इसके प्रतिदिन सेवन से देह पुष्ट होती है ।

New Delhi

# इस साल दर्ज हुआ इतिहास का सबसे गर्म अप्रैल, जलवायु परिवर्तन से हर साल 38 लाख करोड़ रु. घाटे की आशंका

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** यूरोप की जलवायु एजेंसी कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस का कहना है कि अप्रैल 2024 अब तक का सबसे गर्म महीना रिकॉर्ड किया गया है। अप्रैल 2024 में जबरदस्त गर्मी रही और इस दौरान दुनियाभर में बाढ़, सूखा, बारिश जैसी आपदाओं से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। यह लगातार 11वां महीना है, जिसमें रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया। तापमान में वृद्धि की वजह अल नीनो प्रभाव और जलवायु परिवर्तन को माना जा रहा है।



रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल में औसत तापमान 15.03 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि 1850-1900 में पूर्व औद्योगिक काल के तापमान की तुलना में 1.58 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वहीं 1991-2020 की तुलना में अप्रैल 2024 का औसत तापमान 0.67 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। इससे पहले अप्रैल 2016 में सबसे ज्यादा तापमान दर्ज किया गया था, लेकिन अप्रैल 2024 ने उस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। कॉपरनिकस क्लाइमेंट एजेंसी के निदेशक कार्लो बूनोटेम्पो ने बताया कि इस साल की शुरुआत में अल नीनो प्रभाव चरम पर था, लेकिन अब पूर्वी प्रशांत महासागर की सतह का तापमान वापस सामान्य होने की तरफ बढ़ रहा है, इसके बावजूद अभी भी समुद्र की सतह का तापमान बढ़ा हुआ है, जिसके असर से ही माना जा रहा है कि अप्रैल 2024 में रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वैश्विक तापमान बीते 12 महीनों में सबसे उच्चतम दर्ज किया गया।

Uttarakhand

## बदला लेने के लिए मामा ने नाबालिग भांजी का करवाया रेप, फिर किया वीडियो वायरल

**रुड़की, (एजेंसी) उत्तराखंड के रुड़की से 12 साल की नाबालिग के साथ रेप का मामला सामने आया है. पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मामा ने बदला लेने की नीयत से अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था. 2 मई को पीड़िता के पिता ने अपने साले के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया था.**

पुलिस को दी अपनी शिकायत में पीड़िता के पिता ने बताया था कि उसका साला उसकी नाबालिक बेटी को अपने घर ले जाता था. जहां उसके साथ रेप हुआ और उसका वीडियो बनाकर वायरल किया गया. शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 217/2024 धारा 363, 376(DB), 354(ग) IPC व 5(g)(n)/6, 13/14, 16/17 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया. एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने मामले की जांच के आदेश दिए और सीओ रुड़की नरेन्द्र पंत ने इस मामले की मॉनिटरिंग की.

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पीड़िता से दुष्कर्म के आरोपी मुर्सलीन उर्फ काला को पनियाला रोड़ से पकड़ा. अब पुलिस पीड़िता के मामा एवं वीडियो वायरल करने वाले अन्य लोगों की तलाश में जुटी है. जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मामा ने भांजी के साथ हुए रेप का वीडियो बनाया था.

जांच में सामने आया कि पीड़ित लड़की के मामा ने मुर्सलीन उर्फ काला से बदला लेने के लिए अपने भांजी का इस्तेमाल किया है. दरअसल, आरोपी मामा की दूसरी बहन के मुर्सलीन के साथ अवैध संबंध थे. इस कारण मुर्सलीन से बदला लेने के मकसद से मामा अपनी बड़ी बहन की नाबालिग बेटी (भांजी) को उसके पास ले गया.

Maharashtra

## घरेलू नौकर ने चुराए गोल्ड और डायमंड के जेवरात, दो करोड़ से ज्यादा थी कीमत, मुंबई पुलिस ने यूपी से धर दबोचा

**मुंबई, (एजेंसी) पिछले महीने मुंबई में एक शख्स के घर से दो करोड़ रुपये से अधिक के हीरे और सोने (के जेवरात और कैश चोरी हो गया था. इस मामले की शिकायत मिलने के बाद से पुलिस जांच पड़ताल में जुटी थी. सीसीटीवी और टेक्निकल टीम की मदद से पुलिस ने उत्तर प्रदेश से घरेलू नौकर को दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से कैश और जेवरात बरामद किए गए हैं.**

इस मामले के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अफसर ने बताया कि बीते महीने मुंबई में रहने वाले शख्स के यहां से कीमती जेवरात और 7 लाख रुपये कैश चोरी हो गए थे. यह घटना उस समय हुई थी, जब मकान का मालिक अपने परिवार के साथ गोवा में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था. शादी से लौटने के बाद जब मकान मालिक ने घर में अलमारी चेक की तो उसमें से करीब दो करोड़ रुपये के जेवरात और सात लाख रुपये कैश गायब थे.

Uttarpradesh

## दीवान के बेटे ने बनाई गैंग, स्कूल के दोस्तों संग की इतनी चोरी की खरीद ली पावर बाइक

**प्रयागराज, (एजेंसी)** प्रयागराज में एक दीवान के बेटे ने गैंग तैयार कर शातिर अंदाज में चोरियां शुरू कीं। इन चोरियों से छात्र अपने शौक पूरे कर रहे थे। इनमें बाइक चोरी करना और फिर नई बाइक खरीदना शामिल है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की गैंग ने बाइक चोरी करके अपने लिए नई बाइक खरीदनी शुरू की। पुलिस ने गैंग को पकड़ा तो सिविल लाइंस और आजाद पार्क के पास से बाइक चोरी करने वाले हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्र निकले। इस गैंग का सरगना एक हेड कांस्टेबल का बेटा है।

सिविल लाइंस पुलिस ने मंगलवार को बाइक चोरी के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनके पास से चोरी की तीन बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि बाइक चोरी करने वाले युवकों के बारे में मुखबिर से सूचना मिली थी। डीआरएम कार्यालय के आगे पुलिस ने करामत की चौकी निवासी मो. मुजाहिद, पीपल गांव के सिद्धार्थ सोनी और सिविल लाइंस के उत्कर्ष कुमार को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी की दो और बाइक बरामद की। पूछताछ में पता चला कि सिद्धार्थ के पिता हेड कांस्टेबल हैं। उनकी पहले प्रयागराज में ही तैनाती थी।

पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके दोस्तों के पास रेसर और पॉवर बाइक है। कॉलेज में वे पॉवर बाइक लेकर आते थे। तीनों ने पॉवर बाइक खरीदने के लिए बाइक चोरी करनी शुरू की। एक बाइक आजाद पार्क के पास से चोरी कर ली। इसके बाद एक के बाद एक करके कई गाड़ियां चोरी की। खुसरोबाग के सामने से भी बाइक चोरी करने की कोशिश की थी।

खेल

# संजू सैमसन को अंपायरों से बहस करना पड़ा भारी, BCCI ने ठोक दिया मोटा जुर्माना

**नई दिल्ली, (एजेंसी) राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने कड़ी सजा दी है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के 56वें लीग मैच में संजू सैमसन की अंपायरों से बहस हो गई थी, जो उन पर भारी पड़ गई। इसी वजह से बीसीसीआई ने उन पर मोटा जुर्माना ठोका है। सैमसन को अपनी मैच फीस का 30 फीसदी हिस्सा फाइन के तौर पर बोर्ड को देना होगा। सैमसन के कैच को लेकर विवाद हो गया था।**



दरअसल, जब संजू सैमसन आउट हुए तो उस समय थोड़ा सा विवाद देखने को मिला। थर्ड अंपायर ने माना था कि संजू सैमसन आउट हैं, लेकिन ऐसा भी लग रहा था कि शायद जल्दबाजी में थर्ड अंपायर ने फैसला दिया है, क्योंकि एक बार को लग रहा था कि शाई होप का पैर बाउंड्री लाइन से टच हुआ है। इसी वजह से संजू सैमसन ने फील्ड अंपायरों से बहस की, लेकिन अंपायरों ने उनकी एक नहीं सुनी और बाद में उन पर जुर्माना लग गया।

संजू सैमसन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। ऐसे में इस पर अब कोई सुनवाई नहीं होगी। इस मैच में राजस्थान रॉयल्स को हार का सामना करना पड़ा। मैच के कुछ निर्णय विवादों से भरे हुए नजर आए।

इस मुकाबले की बात करें तो राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 221 रन बना दिए। इसके जवाब में राजस्थान की टीम 201 रन ही बना सकी और मुकाबला 20 रनों के अंतर से हार गई। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने 2 विकेट निकाले। वहीं, बल्लेबाजी में फ्रेजर मैकगर्क और अभिषेक पोरेल ने दमदार अर्धशतक जड़े। सैमसन की 86 रनों की पारी बेकार गई।

सिनेमा

## रणवीर से पहले दीपिका डिलीट कर चुकीं वेडिंग फोटो, प्यार सच्चा फिर क्यों होती है ब्रेकअप की चर्चा?



रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की जोड़ी फैंस की फेवरेट है. लेकिन दोनों के रिश्ते में अक्सर उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं. रणवीर और दीपिका अपने फैंस को कपल गोल्स देते आए हैं. उनकी प्रेम कहानी किसी फेयरीटेल से भी कम नहीं है. लेकिन उनके रिश्ते को लेकर अक्सर चर्चाएं भी होती रही हैं. कभी तलाक की अफवाह, दीपिका का 'कॉफी विद करण' पर बताना कि उनका रिश्ता सीरियस नहीं था या फिर कुछ और. कुछ न कुछ उनको लेकर सुनने को मिलता ही रहता है. इस बीच अब रणवीर सिंह ने एक और शॉकिंग काम कर दिया है.

रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से दीपिका पादुकोण संग शादी की अपनी सारी तस्वीरें हटा दी हैं. इसके साथ-साथ उन्होंने जनवरी 2023 से पहले शेयर की सभी फोटोज और वीडियो को इंस्टाग्राम से डिलीट कर दिया है. इसके पीछे का कारण क्या है ये कोई नहीं जानता. लेकिन कयास लगाने वाले मान रहे हैं कि शायद दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की शादी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है. ये बात इसलिए भी शॉकिंग है क्योंकि दीपिका प्रेग्नेंट हैं और जल्द ही रणवीर और अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं. ऐसे में सभी के मन में सवाल है कि आखिर ऐसा क्या हो गया, जो रणवीर ने शादी की फोटोज ही हटा दीं.

## Highlights

1. Indians can go visa-free for 30 days as Thailand extends exemption
2. School principal Parveen Shaikh fired for 'liking pro-Palestine posts' in Mumbai
3. Arunachal CM Pema Khandu pays tribute to Swami Chinmayananda
4. CM Mamata Banerjee pays tribute to Gurudev Rabindranath Tagore
5. SC sends notice to IMA's Asokan as Balkrishna alleges 'offending comments'
6. Who is Akash Anand, removed by Mayawati as her political heir?

# Air India Express crisis: 70 flights cancelled, crew members take mass sick leaves

**NEW DEIHI, (Agency).** Air India Express crisis: Air India Express said that it has cancelled some flights due to a shortage of cabin crew members as a section of them reported sick. An spokesperson for the airline said as per news agency ANI, "A section of our cabin crew has reported sick at the last minute, starting last night, resulting in flight delays and cancellations. While we are engaging with the crew to understand the reasons behind these occurrences, our teams are actively addressing this issue to minimise any inconvenience caused to our guests as a result."

Air India Express apologizes to travellers

The spokesperson added, "We sincerely apologise to our guests for this unexpected disruption and emphasise that this situation does not reflect the standard of service we strive to provide. Guests impacted by cancellations will be offered a full refund or complimentary rescheduling to another date. Guests flying with us today are requested to check if their flight is affected, before heading to the airport."




This comes after a union representing a section of the ariline's cabin crew alleged last month that the airline is being mismanaged and there is a lack of equality in the treatment of the staff. Air India Express Employees Union (AIXEU) alleged that mismanagement of the affairs has affected the morale of the employees as well.

Passengers complain about Air India Express cancellations

Some passengers complained about the sudden cancellation of flights on social media. Responding to a passenger's post on X (formerly Twitter) about flight cancellation, Air India Express said the flight was cancelled "due to operational reasons".

# OpenAI's ChatGPT could soon search internet and cite sources in its results: What we know

**NEW DEIHI, (Agency).** OpenAI may soon introduce a feature for its AI tool ChatGPT that can search the web and cite sources in its results, Bloomberg reported citing people in the know. The aim of introducing the new feature is to compete more effectively with Alphabet Inc.'s Google and AI search startup Perplexity.

What would the new ChatGPT feature entail?

The new feature would allow users to ask ChatGPT a question and receive answers which will use details from the web with citations to sources. These sources could be anything from Wikipedia entries to blog posts, the report added.

The product could also use images alongside written responses to questions wherever they're relevant. For example, if someone asked ChatGPT how to change a bulb, the results could include results that illustrate the task clearly.

Although, this is not the first time this development has been reported. In February, The Information reported on a search product in development by OpenAI.

Chatter on social media about OpenAI's search plans

Speculations related to OpenAI's search plans have dominated conversations on social media as some users on X (formerly Twitter) pointed to the existence of the web page search. chatgpt.com as an indicator that a search feature could be coming from OpenAI soon.

### आईपीएल सट्टाबाजों के ठिकानों पर इंदौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई से मचा हड़कंप

# 53 मोबाइल,6 लैपटॉप और करोड़ों का लेनदेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस ने साथ मिलकर कार्रवाई करते हुए IPL मैच के दौरान सट्टा लगाने वाले 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी शिवपुरी, इंदौर, बड़वानी और जयपुर जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। आईपीएल मैच हैदराबाद और मुंबई के बीच खेला जा रहा था। इनके पास से भारी मात्रा में नगद और अन्य सामान मिला है। दरअसल, इंदौर क्राइम ब्रांच व स्थानीय पुलिस ने तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध रुप से चल रहे सट्टे के अड्डे पर दबिश देकर 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 90 हजार रुपए नगद, 53 मोबाइल, 6 लैपटॉप, एक एलईडी और 200 क्लाइंट की आईडी से करोड़ो रूपये के हिसाब की पर्ची मिली है। शुरुआती जानकारी में आरोपियों का दुबई से भी कनेक्शन निकलकर सामने आया है। पकड़े गए सटोरिए मध्यप्रदेश राजस्थान और बिहार के रहने वाले हैं। पुलिस द्वारा पूछताछ में पकड़ाए गए आरोपियों का दुबई से भी कनेक्शन निकलकर सामने आया है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक क्राइम ब्रांच व बाणगंगा पुलिस ने



पैराडाइस प्रीमियम पर छापा मारकर वहां से परवेज शेख बड़वानी, रितेश अग्रवाल निवासी हुकुमचंद कॉलोनी, धीरज अग्रवाल निवासी हुकुमचंद कॉलोनी, मनीष मेहता निवासी तिलक मार्ग राजपुर, उदयचंद मुखिया निवासी दरभंगा बिहार, पवन निवासी ग्राम लोसगरा बड़वानी, पंकज और मनीष सोलंकी निवासी हुकुमचंद कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। ये सभी बाणगंगा थाना क्षेत्र के प्रीमियम पेराडाईज के कमरे में बैठकर क्रिकेट के मैच का सट्टा खेल रहे थे। पुलिस के मुताबिक आरोपी उदयचंद पैराडाइज प्रीमियम में किराये से घर लेकर सट्टा संचालित कर रहा था। गिरफ्त में आएं सभी आरोपी उसके संपर्क में थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### यहां भी दिखा पुलिस का एक्शन

पलासिया पुलिस ने नवनीत टॉवर के फ्लैट नंबर 804 में छापा मारकर यहां से आलोक योगी निवासी तारकेश्वर कॉलोनी शिवपुरी,रोहित शर्मा निवासी पत्रकार कॉलोनी को पकड़ा है। आरोपियों के पास से 1 लैपटॉप,10 मोबाइल और लाखों का लेनदेन मिला है। वहीं विजयनगर पुलिस ने भी शेखर प्लेनेट के सेंकड फ्लोर पर छापा मारकर यहां से रोहित निवासी महालक्ष्मी नगर, कपिल योगी निवासी मायपुरी शिवपुरी, प्रदीप जोशी निवासी मायापुरी, अनमोल गोस्वामी निवासी ग्वालियर , शिवेन्द्र परिहार निवासी शिव कॉलोनी, विकास राठौर निवासी शीतल नगर और विनय सिंह रावत निवासी शीतल नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 9 मोबाइल और 2 लैपटॉप मिले हैं।

## वाहन चालक ने गाड़ी फ्री में नहीं निकलने दी तो टोल कर्मियों से की मारपीट, वीडियो आया सामने

इंदौर। इंदौर-उज्जैन के बीच बारोली टोल नाके पर मारपीट का वीडियो सामने आया है। एक वाहन चालक ने अपनी गाड़ी फ्री में नहीं निकलने दी तो टोल कर्मियों और सुपरवाइजर से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं कुछ देर बाद 85 ट्रकों की एक लिस्ट टोल सुपरवाइजर को देकर धमकी दी कि इन्हें फ्री में छोड़ना पड़ेगा, नहीं तो ठीक नहीं होगा। मामले की शिकायत कलेक्टर और पुलिस से की गई है। घटना तीन दिन पुरानी है पर सीसीटीवी मंगलवार को सामने आए।

दरअसल बारोली टोल नाका अब तक एमपीआरडीसी (मप्र रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) के पास था। लेकिन मुफ्तखोरी के चलते कॉरपोरेशन को नुकसान हो रहा था। इसलिए 1 मार्च 2024 को कॉरपोरेशन ने यह नाका मुंबई की निजी कंपनी को सौंप दिया। कंपनी की सख्ती के बाद से यहां विवाद की स्थितियां बन रही है।

टोल कंपनी के सुपरवाइजर दीपक दीघे ने अपनी शिकायत में बताया कि 4 मई शनिवार को दशरथ राजौरिया, अन्नू बारौली और रवि ने मारपीट की। वह टोल पर बैठा था तभी गाड़ी नंबर MP09DF7574 वहां पहुंची।

गाड़ी में बैठे दशरथ राजौरिया की कार पर फास्टैग नहीं लगा था। टोल कांउटर पर बैठी महिला कर्मचारी ने राजौरिया से नगद पैसे मांगे। इस पर राजौरिया बिफर गया और कहा कि गाड़ी फ्री में निकलेगी। इस पर महिला कर्मचारी ने सुपरवाइजर दीपक दीघे से बात करने को कहा। राजौरिया के साथ आए रवि और अन्नू बारौली ने दीघे से गाड़ी फ्री में छोड़ने को कहा। दीपक के मना करने पर उसकी कॉलर पकड़कर मारपीट की। कुछ देर बाद वे धमकियां देकर टोल से चले गए। इनके जाने के बाद दीपक ने टोल कंपनी मैनेजर को पूरा घटनाक्रम बताया। इस बीच बदमाशों ने कार और कमर्शियल वाहनों की एक लिस्ट टोल मैनेजर और सुपरवाइजर को दी। कहा कि इस लिस्ट में जो भी गाड़ियां हैं उन्हें फ्री में छोड़ा जाए। नहीं तो कंपनी से टोल छुड़वा देंगे। इसके बाद दीपक ने बाणगंगा थाने जाकर तीनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत आवेदन दिया है।

## स्ट्रीट डॉगी को पीटा, बोरे में बंद कर फेंका, केस दर्ज

इंदौर। इंदौर के एमआईजी में स्ट्रीट डॉग को पीटने के बाद बोरे में बंद कर फेंक दिया। पीपुल्स फॉर एनीमल्स की तरफ से आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। वहीं चंदन नगर में भी एक ऑटो ड्राइवर ने अपनी ऑटो से स्ट्रीट डॉग के दो बच्चों को कुचल दिया। इस मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज किया है।

एमआईजी पुलिस के मुताबिक किरण सूर्यवंशी ने बताया कि वह कृष्णबाग कॉलोनी में रहती है। वह हाउस कीपिंग का काम करती है। उन्होंने 11 माह पहले एक स्ट्रीट डॉग पाला है। जो गली में ही घूमता है। उनके घर के पास एस कुमार रहते हैं। जो अक्सर कुत्तों के भौंकने और अन्य बात पर आपत्ति लेते हैं।

कई बार किरण से उन्होंने विवाद भी किया। करीब 8 दिन पहले वह कुत्ते को डंडे से पीट रहा था। पीटने के बाद कुमार ने कुत्ते को बोरे में भरकर कहीं फेंक दिया। काफी दिनों तक वह नहीं दिखा तो उसकी तलाश की। कुमार से पूछा तो उसने कहा कि उसे ठिकाने लगा दिया है। अब उस कुत्ते के बारे में पूछा तो ठीक नहीं होगा।

## 13 साल बाद एसबीआई ब्याज सहित रुपए लौटाएगा, ग्राहक ने जीता केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पिता ने बेटी का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए समृद्धि योजना में पैसा जमा कराया, बैंक ने उसकी रसीद भी दी। 4 साल बाद जब पॉलिसी मैच्योर हुई तो पिता बैंक में पैसा निकालने आए। लेकिन बैंक ने ऐसा कोई अकाउंट होने से ही साफ मना कर दिया। पिता ने इसके खिलाफ 13 साल तक केस लड़ा। अब उपभोक्ता आयोग ने पिता के पक्ष में फैसला दिया है। बैंक को ब्याज सहित पूरा पैसा लौटाने के निर्देश दिए। 40 हजार के बदले करीब 58 हजार रुपए देने होंगे। 25 हजार रुपए क्षतिपूर्ति और 10 हजार रु. केस व्यय अलग से देना होगा। आयोग ने यह भी माना कि तत्कालीन कैशियर ने रुपए हड़प लिए, इसके बावजूद बैंक उसी का बचाव करती रही। बैंक ने साख बचाने के लिए मामले को मुकदमेबाजी में भी उलझाया। मामला इंदौर के इंदौर के न्यायमित्र शर्मा (50) का है। उन्होंने बेटी के समृद्धि योजना में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) में 40-40 हजार रुपए की तीन FD कराई थी। दो FD के 40-40 हजार रुपए अपने अकाउंट से ट्रांसफर किए। तीसरी एफडी के 40 हजार रुपए नकद दिए थे। रसीदें और तीन जमा प्रमाण पत्र भी प्राप्त किए। मैच्योरिटी डेट मार्च 2011 को जब बैंक से रुपए मांगे तो कहा गया कि आपकी दो ही रसीदें सही है, तीसरी गलती से जारी हुई थी। उसके पैसे नहीं मिलेंगे क्योंकि तब आपने केवल दो के ही रुपए जमा कराए थे, तीसरे के नहीं। यानी बैंक ने कहा कि जो 40 हजार रुपए नकद दिए थे, वो तब दिए ही नहीं गए थे। इसके खिलाफ न्यायमित्र ने कानूनी नोटिस भेजा, जब बैंक नहीं माना तो जिला उपभोक्ता आयोग की शरण ले ली। वहां से पक्ष में फैसला आया लेकिन बैंक ने राज्य आयोग में अपील कर दी। अब वहां से भी केस जीत गए हैं।

## ससुर ने फंड के रूपये नहीं दिए तो नाराज दामाद ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में मकान निर्माण का काम करने वाले एक युवक ने 12 दिन पहले फांसी लगाई। मंगलवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस की जांच में सामने आया कि उसके ससुर ने फंड के रूपये नही दिए थे। इधर पत्नी भी उसके अकाउंट से रूपये निकाल लिये थे। दोनो में इसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसके बाद उसने इस तरह का कदम उठा लिया। राजेन्द्र नगर पुलिस के मुताबिक संदेश पुत्र रामू गच्चे निवासी महादेव नगर ने अपने घर में फांसी लगा ली। उसे दोस्त राजेश पारले उपचार के लिये एमवाय लेकर पहुंचा। यहां उसकी मौत हो गई। दोस्त राजेश ने बताया कि करीब 12 दिन पहले उसने ही संदेश को फंदे से उतारा ओर सीपीआर दीउसकी सांसे वापस आई तो अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिवार के मुताबिक संदेश अपने माता पिता से अलग पत्नी पूजा के साथ रहता थाउसने अपने ससुर के यहां पर फंड डाला था। जिसमें उसे 1 लाख 30 हजार रूपये मिले थे। लेकिन ससुर ने यह कहते हुए रूपये नही दिए कि बेटे की शादी करना है। इसके बाद लगातार संदेश रूपये मांगता रहा। लेकिन ससुर ने रूपये देने से इंकार कर दिया। इसके बाद पूजा ने संदेश के अकाउंट से 8 हजार रूपये निकाले ओर उसे खर्च कर दिए। इस बात को लेकर उनकी कहासुनी हुई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक